# जंबूरी से बाजारों पर बरसेगी करीब 100 करोड़ की समृद्धि

**45** करोड़ रुपये का टेंडर हुआ है अकेले टेंट सिटी के लिए | डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पर आयोजन के लिए विकसित किया जा रहा है ग्लोबल विलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** स्काउट गाइड की सात दिवसीय राष्ट्रीय जंबूरी के लिए 23 से 29 नवंबर तक शहर में देश भर से 40 हजार से ज्यादा मेहमान आने वाले हैं। इनमें 30 हजार स्काउट गाइड कैडेट तो करीब 10 से 15 हजार अन्य लोग होंगे।

सात दिन तक इतनी बड़ी संख्या में आने वाले मेहमानों के स्वागत के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। मेहमानों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शुरू हुए काम से ही लखनऊ के बाजार पर 100 करोड़ से ज्यादा की समृद्धि बरसने वाली है।

मेहमानों के स्वागत व ठहरने के लिए वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में बड़े स्तर पर टेंट सिटी बनाई जा रही है। देश के विभिन्न राज्यों से 30 हजार से ज्यादा प्रतिभागी, 2000 विदेशी प्रतिभागी, पांच हजार अधिकारी व अन्य स्टाफ भी शामिल हो रहे हैं।

कुल संख्या 40 हजार पार होने की उम्मीद है। इनके लिए 4500 से ज्यादा टेंट, 1600 शौचालय, 1600 स्नानागर, 35 हजार लोगों की क्षमता का एरिना स्टेडियम, 100 बिस्तर का अस्पताल, 15 डिस्पेंसरी बनाई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, टेंट सिटी व अन्य निर्माण के लिए 45 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा आसपास के होटल व बाजारों में भी रौनक छाने लगी है।



19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के लिए तैयार विशाल मुख्य द्वार। -अमर उजाला

## 100 दुकानों के जंबूरी बाजार में 85 की हो गई बुकिंग

डिफेंस एक्सपो मैदान में नागरिक सुविधाओं के अलावा भव्य जंबूरी मेला भी लगेगा। इसके लिए 100 दुकानों का जंबूरी बाजार बन रहा है। इस बाजार के संचालक पवन गुप्ता ने बताया कि 100 में 85 स्टॉलनुमा दुकानों की बुकिंग हो गई है। शेष 15 की बुकिंग एक-दो दिन में हो जाएगी। फूड कोर्ट में 7000 लोगों के बैठने की रहेगी। स्टॉल से ही 500 परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है।

## 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में प्रदेश के 8000 युवा होंगे शामिल

भारत स्काउट और गाइड यूपी के अनुसार, 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में राजधानी सहित प्रदेश भर से 8000 बालक और बालिकाएं शामिल होंगे। प्रतिभागियों की उम्र 10 से 25 साल निर्धारित की गई है। मानक के अनुसार, प्रतिभागियों के साथ यूनिट गाइड भी शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों से विद्यार्थियों की प्रतिभागिता के लिए प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र भेजा गया है।

## दो महीने से चल रहा है काम

“ हमारी ट्रेड से जुड़े लाइट, टेंट, फूल, बैरीकेडिंग, दुकान बनाने वाले व अन्य श्रमिकों को सरकार के ऐसे कार्यक्रमों से बड़ा रोजगार मिल रहा है। करीब दो हजार श्रमिकों और सैकड़ों व्यापारियों को भी इससे रोजगार मिलेगा। सहालग के समय ऐसे कार्यक्रमों से टेंट कारोबार को दोगुनी रफ्तार मिलती है। -**विजय कुमार,** प्रदेश अध्यक्ष, टेंट कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन

## उद्योग विभाग की ओर से चिकनकारी का स्टॉल

जंबूरी में ओडीओपी उत्पाद चिकनकारी का भी स्टॉल लगेगा। उपायुक्त उद्योग मनोज चौरसिया ने बताया कि जनपद के चिकनकारी से जुड़े कारीगरों की भी यहां भागीदारी होगी। इसके अलावा प्रदेश भर के ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल भी यहां मौजूद रहेंगे।

## आज से सात दिन तक डायवर्जन

**लखनऊ।** भारत स्काउट एवं गाइड की तरफ से आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी कार्यक्रम 23 से 29 नवंबर तक आयोजित किया गया है। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं लिहाजा बृहस्पतिवार से ही ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। बुधवार को यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

डायवर्जन का विस्तृत प्लान देखने के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड।

- सेक्टर-14 नहर पुल चौराहा से सेक्टर-19 चौराहा (पिपरीखेड़ा) की तरफ सामान्य वाहन नहीं जाएंगे। इन्हें सेक्टर-14 नहर पुल चौराहा से सेक्टर-12 नहर पुल चौराहा, ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरी खेड़ा) चौराहा, चिरैयाबाग, तेलीबाग या नहर रोड से कालिंदी पार्क मोड़ होकर जाना होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)